**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 06.12.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने देवघर में कहा – राज्य में चार नये मेडिकल कॉलेज जल्द पीपीपी मोड में खोले जाएंगे, गिरिडीह, जामताड़ा, खूंटी और धनबाद में होगा शुभारंभ।**
2. **ईडी के समन का पालन नहीं करने से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची स्थित एमपी–एमएलए विशेष अदालत में हुए पेश, दो निजी मुचलके के बाद 12 दिसंबर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से मिली छूट।**
3. **लोहरदगा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, जेजेएमपी के दो उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार।**
4. **राज्य के कई जिलों का न्यूनतम तापमान हुआ 10 डिग्री से कम, मौसम विभाग ने शीतलहरी को लेकर किया यलो अलर्ट जारी।**
5. **पांचवीं नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप का रांची में भव्य शुभारंभ, देशभर से आए 1500 से अधिक खिलाड़ी हुए शामिल।**

****************

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने देवघर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि राज्य के चार जिलों में जल्द ही पीपीपी मोड पर चार मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। धनबाद, जामताड़ा, खूंटी और गिरिडीह में इसका शुभारंभ किया जाएगा।

अपने दो दिवसीय देवघर दौरे पर श्री नड्डा ने बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा–अर्चना की। उन्होंने देवघर में पार्टी के नये कार्यालय भवन का उदघाटन भी किया। श्री नड्डा ने वर्चुअल माध्यम से गुमला में भी पार्टी के नये कार्यालय का शुभारंभ किया। उन्होंने देवीपुर स्थित एम्स में आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार पर जनता को ठगने का आरोप भी लगाया।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में रांची सिविल कोर्ट के एमपी/एमएलए कोर्ट में उपस्थित हुए। अदालत में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्होंने 7–7 हजार रुपये के दो बेल बॉन्ड भरे, जिसके बाद उन्हें जमानत दे दी गई। न्यायिक कार्यवाही में शामिल होने के बाद उन्हें अगली तारीख पर उपस्थित होने से छूट मिल गई। अब वह अगली सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई में शामिल हो सकते हैं।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने पिछले दिनों उनकी ओर से दाखिल व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर सुनवाई करते हुए उन्हें एमपी/एमएलए कोर्ट में बेल बांड जमा करने का निर्देश दिया था. हाईकोर्ट के इसी आदेश के आलोक में मुख्यंत्री एमपी/एमएलए कोर्ट में उपस्थित हुए।

****************

निर्वाचन आयोग ने आज कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण– एस आई आर के चरण दो की शुरूआत के बाद मतदाताओं में पचास करोड़ 93 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा गये हैं। इस चरण में लगभग 51 करोड़ मतदाताओं में से 99 दशमलव नौ–तीन प्रतिशत शामिल किए जाएंगे। आयोग ने कहा कि अब तक लगभग 49 करोड़ फॉर्म का डिजिटिकरण किया जा चुका है। नौ राज्योंर और तीन केन्द्रा शासित प्रदेशों में चार दिसंबर को मतदाता सूची में दूसरे चरण के एस.आई.आर की शुरूआत हुई है।

****************

सन् 1971 में भारत पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में गुमला पुगूगू घासीटोली के रहने वाले चामू उरांव मां भारती पर अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त कर गए थे। जिसके उपरांत लम्बे वर्षों के बाद आज उनकी पुण्य तिथि पर पैतृक गांव में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने पूर्व सैनिकों और चामू उरांव के परिजनों ने पूरे सम्मान के साथ उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।

****************

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के कार्यकर्ताओं और छात्रों द्वारा गिरिडीह के डुमरी विधानसभा क्षेत्र से **छात्र अधिकार पदयात्रा** की शुरुआत की गई जो आज हजारीबाग पहुंची। सैकड़ों की संख्या में शामिल छात्र और कार्यकर्ता पैदल ही रांची स्थित विधानसभा भवन तक पहुंचेंगे। यह पदयात्रा गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़ होते हुए कुल 180 किलोमीटर की दूरी छह दिनों में तय करेगी।

****************

लोहरदगा पुलिस ने जेजेएमपी के दो उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार जप्त की गई हथियार सामग्री किसी बड़ी आपराधिक वारदात में इस्तेमाल की जा सकती थी मौके से दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

****************

पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है, जिसने एक व्यक्ति से 16 लाख 92 हजार रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर देवघर जिले के रघुनाथपुर निवासी मो० शकीर अंसारी को गिरफ्तार किया है। मामले मे संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी जारी है।

****************

पिछले पांच दशक से अधुरी पड़ी उत्तरी कोयल मंडल डैम परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी आयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के कई इलाकों में शीतलहर चलने की संभावना बनी हुई है। रांची का न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है। विभाग ने अगले दो दिनों तक शीतलहर को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पलामू, गढ़वा, चतरा, गुमला, लातेहार, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, रांची, बोकारो और रामगढ़ जिलों में कहीं–कहीं कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।

****************

विशाखापट्नम में खेले जा रहे एक दिवसीय मैच के तीसरे और फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका द्वारा दिए गए 271 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारत ने 15 ओवर में 71 रन बनाए थे, जब आखिरी रिपोर्ट आई थी। साउथ अफ्रीका के लिए इससे पहले, मेज़बान टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया था।

****************

पाँचवीं नेशनल टेबल टेनिस चौंपियनशिप का शनिवार को रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में भव्य उद्घाटन किया गया। देशभर से आए 1500 से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ शुरू हुई प्रतियोगिता 13 दिसंबर तक चलेगी। प्रतियोगिता में कुल 12 इवेंट आयोजित किए जा रहे हैं। पहले दिन अंडर–11 और अंडर–13 वर्ग के क्वालिफिकेशन राउंड के मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने जबरदस्त उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन किया।

*****************